राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 10 दिसम्बर। दिनांक 12 दिसंबर को जयपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होने वाली **महंगाई हटाओ रैली** की तैयारियों की समीक्षा हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश के सभी कांग्रेस जिला अध्यक्षों, निवर्तमान जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारियों से रैली की व्यवस्थाओं हेतु किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा रैली में भाग लेने वाले लोगों को कोई असुविधा नहीं हो इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

श्री डोटासरा ने महंगाई हटाओ रैली की व्यवस्था हेतु प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित सभी समितियों से कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजस्थान के बाहर से जयपुर आकर रैली में भाग लेने वाले लोगों के परिवहन, भोजन एवं आवास की व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा निर्देश प्रदान किए कि राजस्थान प्रदेश अपने आथित्य के लिए विश्व विख्यात है तथा किसी भी बाहरी प्रदेश से आने वाले व्यक्ति को कोई असुविधा नहीं हो इस हेतु निर्देश प्रदान किए। रैली में भाग लेने हेतु जयपुर आ रहे प्रतिभागियों की सुविधा हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस द्वारा विभिन्न समितियों का गठन किया गया है जिसके तहत प्रदेश से जयपुर आने वाले लोगों को जयपुर की सीमा पर ही दिशा निर्देशक एवं एवं पार्किंग के स्थान की जानकारी प्रदान की जाएगी, साथ ही भोजन पैकेट के भी इंतजाम किए गए हैं।

राजस्थान के बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए विभिन्न इंतजाम किए गए हैं जिसके तहत रेलवे स्टेशन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं को देश के अलग-अलग प्रदेशों की जिम्मेदारी प्रदान दी गई है जो कि प्रदेश के बाहर से आ रहे लोगों के जयपुर आगमन पर उनके परिवहन, ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था करेंगे। श्री डोटासरा ने सभी प्रदेशों से जयपुर आ रहे लोगों की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा उनके ठहरने एवं भोजन व्यवस्था तथा परिवहन व्यवस्था की जानकारी लेकर रैली स्थल तक उन्हें पहुंचाने तथा उसके पश्चात उनकी वापसी की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी कमेटी सदस्यों को प्रदान किए। श्री डोटासरा ने रैली स्थल पर की जा रही चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा सभी द्वारों पर थर्मल स्क्रिनिंग करने हेतु निर्देश प्रदान किए।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter